

प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, क्योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।

स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 /
2016-17

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉंग इन करें
https://dainikyashonnati.com
एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+15 अंक 59 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी मंगलवार 27 जून 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4

पृष्ठ-2 सिवनी समाचार .....
पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....



**मां ज्वाला देवी सिद्ध पीठ मंदिर में गुप्त नवरात्रि का समापन आज उपनगरीय क्षेत्र परतापुर रोड भैरोगंज स्थित मां ज्वाला देवी सिद्ध पीठ मंदिर मैं विगत 8 दिनों से गुप्त नवरात्रि की पूजा अनुष्ठान कार्य प्रारंभ है जिसका समापन मंगलवार दिनांक 27 जून को किया जाएगा**

## संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वावधान में विशाल रक्तदान शिविर संपन्न

सिवनी यशोः- संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वावधान में गत दिवस विशाल रक्तदान शिविर में मानवता की सेवा के लिए उत्साह के साथ 352 लोगो ने स्वेच्छा से 45 लोगो के नाम किन्ही करणों से रद्द किए गए अंततः 307 लोगो ने रक्तदान कर इस मानव सेवा के इस पुनीत कार्य में अपना योगदान दिया सभी रक्त दाताओं का समिति ने धन्यवाद ज्ञापित किया

# प्रधानमंत्री आज शहडोल से सिकल सैल एनीमिया उन्मूलन मिशन-2047 का करेंगे शुभारंभ

सिवनी यशोः- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्रीय स्तर पर 'सिकल सैल एनीमिया मिशन-2047' का शुभारंभ 27 जून को शहडोल में करेंगे। सिकल सैल एनीमिया उन्मूलन मिशन-2047 के शुभारंभ कार्यक्रम में केन्द्र सरकार, स्वास्थ्य मंत्रालय, जनजातीय कार्य मंत्रालय, आयुष मंत्रालय और राज्यों के प्रतिनिधि वर्चुअली शामिल होंगे। सिकल सैल एनीमिया एक प्रकार की अनुवांशिक बीमारी (जेनेटिक डिसआर्डर) है। माता और पिता दोनों में सिकल सैल के जीन होने पर उनके बच्चों में सिकल सैल बीमारी का होना स्वाभाविक होता है। सिकल सैल बीमारी में रोगी की लाल रक्त कोशिकाएँ हँसिए के आकार में परिवर्तित हो जाती हैं। हँसिए के आकार के ये कण शरीर के विभिन्न अंगों में पहुँच कर रूकावट पैदा करते हैं। इस जन्मजात रोग से ग्रसित बच्चा शिशु अवस्था से बुखार, सर्दी, पेट दर्द, जोड़ों एवं घुटनों में दर्द, सूजन और कभी रक्त की कमी से परेशान रहता है।

सिकल सैल एनीमिया 3 प्रकार का होता है। पहला प्रकार सिकल वाहक है। सिकल वाहक में कोई लक्षण दिखाई नहीं देते और ऐसे व्यक्ति को उपचार की आवश्यकता नहीं होती, लेकिन ऐसे व्यक्ति को यह पता होना चाहिये कि वह सिकल वाहक है। यदि अनजाने में सिकल वाहक दूसरे सिकल रोगी से विवाह करता है, तो सिकल पीड़ित संतान पैदा होने की संभावना बढ़ जाती है। दूसरे प्रकार के सिकल रोगी में सिकल सैल बीमारी के लक्षण दिखाई देते हैं। इन्हें उपचार की आवश्यकता होती है। सिकल बीटा थेलेसिमिया तीसरे प्रकार का सिकल सैल रोग है। बीटा थैलेसिमिया बीटा ग्लोबिन जीन में दोष के कारण होता है। सिकल सैल बीमारी अनुवांशिक बीमारी है। सिकल सैल रोगी के साथ खाना खाने, साथ रहने, हाथ मिलाने अथवा गले मिलने से यह रोग नहीं होता। यह बीमारी केवल माता-पिता से ही बच्चों में आ सकती है। जिसे बचपन में यह बीमारी नहीं है, उसे आगे जिंदगी में कभी भी किसी भी तरीके से सिकल सैल की बीमारी नहीं हो सकती।

### प्रधानमंत्री बूथ के कार्यकार्त्ताओं को डिजिटली संबोधित करेंगे आज प्रातः 10:30 बजे

प्रधानमंत्री आज भाजपा के बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं को डिजिटल माध्यम से संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री जी प्रातः 10:30 बजे कार्यकर्त्ताओं को संबोधित करेंगे। सिवनी जिला भाजपा द्वारा जिले के सभी बूथों पर कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश जारी किये गये है। भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे ने सभी मंडल अयक्षों को जारी निर्देश में कहा है कि जिस प्रकार से मन की बात कार्यक्रम प्रत्येक बूथ में कार्यकर्त्ताओ के साथ सुना जाता है उसी प्रकार प्रधानमंत्री जी का मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम देखा जाये।

### पीव्हीसी आयुष्मान कार्ड वितरण का शुभारंभ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रदेश में आयुष्मान योजना के हितग्राहियों को पीव्हीसी आयुष्मान कार्ड वितरण का शुभारंभ 27 जून को शहडोल से करेंगे। प्रदेश में अब तक तीन करोड़ 57 लाख से अधिक हितग्राहियों के डिजिटल आयुष्मान कार्ड तैयार किये जा चुके हैं। आयुष्मान योजना के कुल हितग्राहियों में एक करोड़ हितग्राहियों को पीव्हीसी आयुष्मान कार्ड भी प्रदाय किये जा रहे हैं। देश में 3.57 करोड़ आयुष्मान हितग्राहियों को डिजिटल आयुष्मान कार्ड का वितरण देश में पहली बार किया जा रहा है। ज्ञातव्य है कि आयुष्मान योजना का शुभारंभ 23 सितम्बर 2018 को हुआ था। योजना में प्रत्येक हितग्राही को आयुष्मान से संबद्ध चिकित्सालय में एक वर्ष में 5 लाख रूपये तक का निःशुल्क उपचार करवाने का प्रावधान है।

# प्रभारी मंत्री ने की पीव्हीसी आयुष्मान कार्ड वितरण कार्यक्रम की समीक्षा की

सिवनी यशोः- प्रदेश शासन के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग एवं विज्ञान, प्रौद्योगिकी विभाग मंत्री एवं जिलें के प्रभारी मंत्री श्री ओम प्रकाश सखलेचा द्वारा वर्चुअल माध्यम से जनप्रतिनिधियों, प्रभारी कलेक्टर सीईओ जिला पंचायत श्रीमती निधि सिंह राजपूत एवं अन्य संबंधित विभागाधिकारियों की बैठक लेकर 27 जून को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में शहडोल में आयुष्मान योजना के हितग्राहियों को पीव्हीसी आयुष्मान कार्ड वितरण कार्यक्रम के परिपेक्ष्य में जिले में की गई तैयारियों की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित विभागाधिकारियों को दिए गए।

प्रभारी कलेक्टर श्रीमती निधि सिंह राजपूत ने उक्त संबंध में बताया कि प्रभारी मंत्री श्री सखलेचा के निर्देशानुसार पीव्हीसी आयुष्मान कार्ड वितरण कार्यक्रम के सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर जिले में सभी तैयारियों पूर्ण कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि उक्त संबंध में मुख्य कार्यक्रम जिला चिकित्सालय परिसर स्थित जेएनएम ट्रेनिंग सेंटर सिवनी में रखा गया है। कार्यक्रम में जिले के सभी जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित विभागा अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति में आयुष्मान योजना के हितग्राहियों को पीव्हीसी कार्ड का वितरण कर ई-केवायसी की जाएगी। साथ ही सम्पूर्ण जिले की ग्राम पंचायतों, आंगनबाड़ी केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटरों में भी कार्यक्रम आयोजित कर लाभार्थियों को कार्ड का वितरण किया जाएगा साथ ही प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के शहडोल में आयोजित कार्यक्रम के लाईव प्रसारण को देखा व सुना जाएगा।

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉंग इन करें
https://dainikyashonnati. com
प्ले स्टोर से एप डाउनलोड करें
दैनिक यशोन्नति न्यूज़
बेवसाइड अश्लील विज्ञापन से मुक्त है हर आयुवर्ग के पाठक के लिये उपयोगी बनाने का प्रयास है

# नगर पालिका कर रही जनकल्याणकारी योजनाओं में फर्जीवाड़ा, सीएम को हुई शिकायत

सिवनी यशोः-सिवनी नगर पालिका परिषद के अधिकारी और कर्मचारी नपा अध्यक्ष के दबाव में आकर शासन की योजनाओं का प्रचार प्रसार और शासन की मंशा के अनुरूप कार्य नहीं कर रही है। कांग्रेसी दबाव के कारण नगरीय क्षेत्र में नागरिको योजनाओं का लाभ देने में भेदभाव और भाजपाई पार्षदों वाले क्षेत्र में आमजनता को मूलभूत सुविधाएँ भी देने से परहेज किया जा रहा है और शासन की योजनाओं में कांग्रेसी नेताओं को महिमामंडित किया जा रहा है। इस आशय का शिकायती पत्र सिवनी नगर पालिका में विवेकानंद वार्ड से पार्षद राजेश राजू यादव ने प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को प्रेषित कर आवश्यकत कार्यवाही की मांग की है।

पार्षद यादव ने पत्र में उल्लेख किया है कि शासन से प्राप्त निर्देशानुसार लाडली बहना योजना के शुभारंभ कार्यक्रम पर दिनांक 10 जून 2023 को नगर के प्रत्येक वार्ड में चौक-चौराहो पर एल.ई.डी., चौपाल व पंडाल इत्यादि के माध्यम से योजना का शुभारंभ किया जाना था, परंतु नगर पालिका परिषद सिवनी के द्वारा शासन के निर्देश का पालन ना करते हुए वार्डो में उचित व्यवस्था नही की गई, जो व्यवस्था की गई थी वह भी अत्यंत ही खराब थी, जिससे हितग्रहियों में शासन की छवि धूमिल हो रही है। साथ ही विदित हो कि नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष कांग्रेसी होने के कारण नपा के कर्मचारी व अधिकारी भी कांग्रेसी अध्यक्ष की मंशा अनुसार कार्य कर रहे है, जिससे शासन की छवि धूमिल हो रही है, जिससे आगामी चुनावो में सरकार को नुकसान हो सकता है।

पत्र में उल्लेख किया गया है कि शासन की जनकल्याणकारी मुख्यमंत्री कन्यादान योजना अंतर्गत नगर सिवनी में दिनांक 22.06.2023 को आयोजन किया गया था, उक्त आयोजन में नगर पालिका द्वारा जानबूझकर अव्यवस्था निर्मित कर सरकार को बदनाम करने का प्रयास किया गया, थोडी सी हवा में ही टेंट उड़ गया, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में शामिल हुये दम्पतियों एवं रिश्तेदारों को दोपहर 02:00 बजे तक ना अल्पाहार दिया गया और न ही भोजन दिया गया उक्त अव्यवस्था नपा प्रशासन द्वारा जानबूझकर कांग्रेसी अध्यक्ष की मंशानुसार की गई, जिससे हितग्राही परेशान हो। पार्षद ने लिखे पत्र में आरोप लगाया है कि नगर पालिका प्रशासन द्वारा उक्त कार्यक्रमों में फर्जी बिल लगाकर अनावयश्क राशि का भुगतान किया जा रहा है, जो गंभीर भ्रष्टाचार को उजागर करता है

पत्र के माध्यम से पार्षद ने नपा प्रशासन द्वारा की जा रही गड़बडियों की जाँच करकरा कर दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करने की मांग की है।

# अवैध कालोनियों को वैध करने की कार्यवाही करें संबंधित अधिकारी - श्रीमती राजपूत

## सभी मस्जिदों में साफ सफाई एवं आवश्यक व्यवस्था के दिये निर्देश

सिवनी यशोः- प्रभारी कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती निधि सिंह राजपूत की अध्यक्षता में सोमवार 26 जून को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा बैठक आयोजित हुई। बैठक में अपर कलेक्टर सी.एल. चनाप सहित सभी विभाग प्रमुखों की उपस्थिति रही।

बैठक में प्रभारी कलेक्टर श्रीमती राजपूत ने सभी विभागों की सीएम हेल्पलाईन, समय सीमा में दर्ज प्रकरणों, पीजी पोर्टल एवं 50 एवं 100 दिवस से अधिक समय सीमा से लंबित शिकायतों की विभागवार विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने लंबे समय से लंबित शिकायतों को त्वरित संतुष्टिपूर्वक निराकरण करने के निर्देश विभाग प्रमुखों को दिए। इसी तरह उन्होंने जन शिकायत, सीएम मॉनिट, माननीय सांसद, माननीय विधायकगणों सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के पत्रों में त्वरित कार्यवाही कर प्रतिवेदन प्रेषित करने के निर्देश संबंधित अधिकरियों को दिए।

प्रभारी कलेक्टर श्रीमती राजपूत ने गेहूं उपार्जन, जल जीवन मिशन, लाड़ली बहना योजना, राशन वितरण, मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना, अवैध कालोनियों के वैध करने की कार्यवाही, सहित विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति एवं मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान द्वितीय चरण अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित विभागाधिकारियों को दिए।

प्रभारी कलेक्टर श्रीमती राजपूत ने मौसम विभाग द्वारा आगामी दिनों में जिले में अधिक बारिस की संभावनाओं के मद्देनजर सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व से डूब प्रभारी एवं अधिक वर्षा से डूबने वाले पुल पुलियों की जानकारी प्राप्त कर सभी सुरक्षात्मक आवश्यक तैयारियां करने एवं नगरीय क्षेत्रों की नाले-नालियों की साफ-सफाई करवाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने बाढ़ आपदा के दौरान राहत बचाव कार्यो की भी समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

प्रभारी कलेक्टर श्रीमती राजपूत ने 29 जून को पड़ने वाले ईद त्यौहार को लेकर मुख्य नगरपालिका अधिकारी को सभी मस्जिदों में साफ-सफाई, पेयजल के साथ विधुत व्यवस्था किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने ही सभी धर्मावलम्बियों से जिले की गौरवशाली पर परानुसार आपसी सौहार्द व शांति पूर्वक त्यौहार मनाने की अपील की।

समय सीमा बैठक में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सीएल चनाप ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन- 23 की जिले में तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित मतदान केन्द्रों की सत्यापन कार्यवाही अंतर्गत पूर्ण एवं शेष रहे सत्यापन कार्यो की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने शेष रहे मतदान केन्द्रों का शीघ्र सत्यापन कर रैंप, सीढ़ी, बिजली, पेयजल आपूर्ति सहित अन्य जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# वॉलीबॉल खिलाड़ी शास्वत सोनी का हुआ नीट परीक्षा में चयन

सिवनी यशोः- किसी ने बिल्कुल सही कहा है, ÷जहां चाह वह राह÷ जब हम अपने लक्ष्य की ओर दृष्टि रखते हैं और समर्पित होकर मेहनत करते हैं तो अपने लक्ष्य को प्राप्त करने का मार्ग खुद ही मिल जाता है. इस बात को सच साबित कर दिखाया है वॉलीबॉल खिलाड़ी शास्वत सोनी ने जो बचपन से ही नगर के बड़ी पुलिस ग्राउड में वॉलीबॉल के अभ्यास के साथ -साथ अपने माता-पिता के सपने को भी पूरा करने के लिए पढ़ाई में भी मेहनत कर रहे थे. उनके प्रशिक्षक श्री अब्दुल हक (एन.आई.एस डिप्लोमा इनव्हालीबॉल) ने बेहद प्रशंसा जाहिर करते हुए कहा कि यह हमारे लिए कॉफी गर्व की बात है कि हमारे खिलाड़ी खेलों के मैदान ही नहीं बल्कि अपने कैरियर के क्षेत्र में भी सफलता हासिल कर रहे हैउन्होंने बताया कि उनके होनहार व्हालीबॉल खिलाड़ियों में से एक शास्वत सोनी जिन्होंने कक्षा 12वीं में 72 प्रतिशत अंको के साथ राष्ट्रीय मेडिकल पात्रता परीक्षा 2023 में 98.4828 परसेंटाइल अंक हासिल कर ऑल इंडिया रैंकिंग में 30585 वां स्थान प्राप्त कर, अपने समाज, गुरूजनों, जिले एवं प्रदेश तथा परिवार का नाम रोशन किया है।

शास्वत से हुए साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि उनकी इस सफलता में उनके खेल वॉलीबॉल का बहुत बड़ा हाथ रहा है` क्योंकि यह उनके लिए बिल्कुल भी आसान नहीं था उन्होंने यह सफलता अपने दूसरे प्रयास में हासिल की लेकिन इस दौरान खेलों से मिली लगातार प्रयास करने की प्रेरणा ने बहुत महत्वपूर्ण भूमिका अदा की. खेलों में सफलता प्राप्त करने के लिए निरंतर मेहनत, समर्पण और संघर्ष की आवश्यकता होती है. खेल मैदान से सीखे गए ये गुण आपको जीवन के अन्य क्षेत्रों में भी सफलता की ओर ले जा सकते है खेलो से प्रेरित होकर आप अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हो सकते है और नई ऊंचाइयों को छू सकते हैं।

ज्ञात हो कि शास्वत की परिवारिक पृष्ठभूमि शुरू से ही शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी रही है उनके पिताश्री रामकुमार सोनी ने भूगोल में एमए की उपाधि प्राप्त की है और वर्तमान में पुलिस विभाग में सब इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत है. वहीं उनकी माता जी श्रीमति अनामिका सोनी ने अंग्रेजी और इतिहास में डबल एमए किया है वह एक होममेकर और यूटयूबर हैं. आपकी छोटी बहन जया सोनी, 12 वीं कक्षा में हैं और वह भी अपना कैरियर चिकित्सा के क्षेत्र में बनाना चाहती है. जिले का मान बढ़ाने वाली होनहार व्हालीबॉल खिलाड़ी कि इस उपलब्धि पर जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी महोदय, विभागीय कोच अब्दुल हक, श्रीमति संगीता सिंग, नारायण सिंग बिसेन, लक्ष्मी ठाकरे, बराती लाल उईके, अमोल चन्द्रा, प्रदीप वर्मा, अ. सलीम खॉन, निकेश पद्माकर, ओम शिवे सहित जिलें से समस्त खेल प्रेमियोंने बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनांए प्रेषित की है।

### जबरन नॉलेज


राजनीति में सब करना पड़ता है काका हा हा हो

# अन्तर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर निकाली गई नशा मुक्ति रैली

सिवनी यशोः- उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण सिवनी द्वारा जानकारी दी गई कि 26 जून 2023 को अंतराष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर नशामुक्ति रैली का आयोजन किया गया एवं आमजनों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई।अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर युवाओं, छात्र-छात्राओं एवं जनसामान्य में बढ़ती हुई नशा सेवन की प्रवृति को रोकने के लिए जिला मुख्यालय में नशामुक्ति रैली निकाली गई। रैली प्रात 7.00 बजें शासकीय तिलक स्कूल प्रांगण सें प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो एवं चौराहों से होती हुई पुनः तिलक स्कूल में समाप्त हुई।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, विभिन्न विभाग के अधिकारी कर्मचारी, गायत्री परिवार, ब्रह्मकुमारी आश्रम, न्यू अभिनव प्रयास, जिला युवा संधि, बाल संस्कार संस्था, एनसीसी, एनएसएस सहित स्कूली छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

# आपातकाल, भारतीत इतिहास का लोकतंत्र और मौलिक अधिकारों की जघन्य हत्या का काला अध्याय

### आपातकाल और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ

**डॉ. सौरभ मालवीय-**

आपातकाल स्वतंत्र भारत के इतिहास में सबसे विवादास्पद एवं अलोकतांत्रिक काल कहा जाता है। आपातकाल को 48 वर्ष बीत चुके हैं, परन्तु हर वर्ष जून मास आते ही इसका स्मरण ताजा हो जाता है। इसके साथ ही आपातकाल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भूमिका भी स्मरण हो जाती है। संघ ने आपातकाल का कड़ा विरोध किया था। संघ के हजारों कार्यकर्ता जेल गए थे एवं बहुत से कार्यकर्ताओं ने बलिदान दिया था।

उल्लेखनीय है कि 12 जून 1975 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने निर्णय सुनाया था कि इंदिरा गांधी ने वर्ष 1971 के लोकसभा चुनाव में अनुचित तरीके अपनाए। न्यायालय ने उन्हें दोषी ठहराते हुए उनका चुनाव रद्द कर दिया था। इंदिरा गांधी के चुनाव क्षेत्र रायबरेली से उनके प्रतिद्वंद्वी राज नारायण थे। यद्यपि चुनाव परिणाम में इंदिरा गांधी को विजयी घोषित किया गया था। किन्तु इस चुनाव में पराजित हुए राज नारायण चुनावी प्रक्रिया से संतुष्ट नहीं थे। उन्होंने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में इंदिरा के विरुद्ध याचिका दाखिल करते हुए उन पर चुनाव जीतने के लिए अनुचित साधन अपनाने का आरोप लगाया। उनका आरोप था कि इंदिरा गांधी ने चुनाव जीतने के लिए सरकारी मशीनरी का अनुचित उपयोग किया है।

25 जून 1975 को तत्कालीन राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी के कहने पर भारतीय संविधान की अनुच्छेद 352 के अधीन आपातकाल की घोषणा कर दी। यह आपातकाल 21 मार्च 1977 तक रहा। इस समयावधि में नागरिक अधिकारों को स्थगित कर दिया गया। सभी स्तर के चुनाव भी स्थगित कर दिए गए। सत्ता विरोधियों को बंदी बना लिया गया। प्रेस पर भी प्रतिबंधित लगा दिया गया। पत्रकार भी बंदी बनाए गए। श्रीमती इंदिरा गांधी के पुत्र संजय गांधी के नेतृत्व में पुरुष नसबंदी अभियान चलाया गया। कहा जाता है कि इस अभियान में अविवाहित युवकों की भी जबरन नसबंदी कर दी गई। इससे लोगों में सत्ता पक्ष के प्रति भारी क्रोध उत्पन्न हो गया।

माणिकचंद्र वाजपेयी अपनी पुस्तक आपातकालीन संघर्ष गाथा में लिखते हैं- ÷कांग्रेस ने 20 जून, 1975 के दिन एक विशाल रैली का आयोजन किया तथा इस रैली में देवकांतबरुआ ने कहा था, ÷इंदिरा तेरी सुबह की जय, तेरी शाम की जय, तेरे काम की जय, तेरे नाम की जय÷ और इसी जनसभा में अपने भाषण के दौरान इंदिरा गांधी ने घोषणा की कि वे प्रधानमंत्री पद से त्यागपत्र नहीं देंगी।÷

जयप्रकाश नारायण ने आपातकाल का विरोध किया। उन्होंने इसे %भारतीय इतिहास की सर्वाधिक काली अवधि% कहा। माणिकचंद्र वाजपेयी आगे लिखते हैं- ÷जयप्रकाश नारायण जी ने रामलीला मैदान पर विशाल जनसमूह के सम्मुख 25 जून, 1975 को कहा, ÷सब विरोधी पक्षों को देश के हित के लिए एकजुट हो जाना चाहिए अन्यथा यहां तानाशाही स्थापित होगी और जनता दुखी हो जाएगी।÷ लोक संघर्ष समिति के सचिव नानाजी देशमुख ने वहीं पर उत्साह के साथ घोषणा कर दी, ÷इसके बाद इंदिराजी के त्यागपत्र की मांग लेकर गांव-गांव में सभाएं की जाएंगी और राष्ट्रपति के निवास स्थान के सामने 29 जून से प्रतिदिन सत्याग्रह होगा।÷ उसी संध्या को जब रामलीला मैदान की विशाल जनसभा से हजारों लोग लौट रहे थे, तब प्रत्येक धूलिकण से मानो यही मांग उठ रही थी कि ÷प्रधानमंत्री त्यागपत्र दें और वास्तविक गणतंत्र की परम्परा का पालन करें।÷

आपातकाल के कारण जनता त्राहिमाम कर रही थी। एच वी शेषाद्री की पुस्तक कृतिरूप संघ दर्शन के अनुसार सभी प्रकार की संचार व्यवस्था, यथा- समाचार-पत्र-पत्रिकाओं, मंच, डाक सेवा और निर्वाचित विधान मंडलों को ठप्प कर दिया गया। प्रश्न था कि इसी स्थिति में जन आंदोलन को कौन संगठित करे? इसे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अतिरिक्त और कोई नहीं कर सकता था। संघ का देश भर में शाखाओं का अपना जाल था और वही इस भूमिका को निभा सकता था। संघ ने प्रारम्भ से ही जन से जन के संपर्क की प्रविधि से अपना निर्माण किया है। जन संपर्क के लिए वह प्रेस अथवा मंच पर कभी भी निर्भर नहीं रहा। अतः संचार माध्यमों को ठप्प करने का प्रभाव अन्य दलों पर तो पड़ा, पर संघ पर उसका रंचमात्र भी प्रभाव नहीं पड़ा।

अखिल भारतीय स्तर के उसके केन्द्रीय निर्णय, प्रांत, विभाग, जिला और तहसील के स्तरों से होते हुए गांव तक पहुच जाते हैं। जब आपात घोषणा हुई और जब तक आपातकाल चला, उस बीच संघ की यह संचार व्यवस्था सुचारू ढंग से चली। भूमिगत आंदोलन के ताने-बाने के लिए संघ कार्यकर्ताओं के घर महानतम वरदान सिद्ध हुए और इसके कारण ही गुप्तचर अधिकारी भूमिगत कार्यकर्ताओं के ठोर ठिकाने का पता नहीं लगा सके। सर संघचालक बालासाहब देवरस को 30 जून को नागपुर स्टेशन पर गिरफ्तार कर लिया गया। इससे पूर्व उन्होंने आह्वान किया था कि इस असाधारण परिस्थिति में स्वयंसेवकों का दायित्व है कि वे अपना संतुलन न खोयें। सर कार्यवाह माधवराव मुले तथा उनके द्वारा नियुक्त अधिकारी के आदेशानुसार संघ-कार्य जारी रखें तथा यथापूर्व जनसंपर्क, जनजागृति और जनशिक्षा का कार्य करते हुए अपने राष्ट्रीय कर्तव्य का पालन करने की क्षमता जनसाधारण में निर्माण करें। संघ कार्यकर्ताओं ने उनके आह्वान के अनुसार ही कार्य किया। आपातकाल की घोषणा के कुछ दिन पश्चात 4 जुलाई 1975 को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर प्रतिबंध लगा दिया गया। लोक संघर्ष समिति द्वारा आयोजित आपातकाल विरोधी संघर्ष में एक लाख से अधिक स्वयंसेवकों ने सत्याग्रह किया। आपातकाल के दौरान सत्याग्रह करने वाले कुल एक लाख 30 हजार सत्याग्रहियों में से एक लाख से अधिक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के थे। मीसा के अधीन जो 30 हजार लोग बंदी बनाए गए, उनमें से 25 हजार से अधिक संघ के स्वयंसेवक थे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 कार्यकर्ता अधिकांशतः बंदीगृहों और कुछ बाहर आपातकाल के दौरान बलिदान हो गए। उनमे संघ के अखिल भारतीय व्यवस्था प्रमुख श्री पांडुरंग क्षीर सागर भी थे।

सत्ता पक्ष के विरुद्ध जयप्रकाश नारायण के आन्दोलन को संघ के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने जारी रखा। मोहनलाल रुस्तगी की पुस्तक आपातकालीन संघर्ष गाथा के अनुसार श्री जयप्रकाश नारायण ने अपनी गिरफ्तारी से पूर्व %लोक संघर्ष समिति% का आन्दोलन चलाने के लिए %राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ% के पूर्णकालिक कार्यकर्ता श्री नानाजी देशमुख को जिम्मेदारी सौंपी थी। जब नानाजी देशमुख गिरफ्तार हो गए तो नेतृत्व की जिम्मेदारी श्री सुन्दर सिंह भण्डारी को सर्वसम्मति से सौंपी गई। आपातकाल लगाने से उत्पन्न हुई परिस्थिति से देश को सचेत रखने के लिए तथा जनता का मनोबल बनाए रखने के लिए भूमिगत कार्य के लिए संघ के कार्यकर्ता तय किए गए।

संघ के स्वयंसेवकों ने सत्ता की नीतियों के विरोध में सत्याग्रह किया। इस कड़ी में 9 अगस्त,1975 को मेरठ नगर में सत्याग्रह किया गया। उसी दिन मुजफ्फरपुर में जगह- जगह जोरदार ध्वनि करने वाले पटाखे फोड़े गए। तत्पश्चात 15 अगस्त,1975 को लाल किले पर जब प्रधानमंत्री भाषण देने के लिए माइक की ओर बढीं उसी समय जनता के बीच से 50 सत्याग्रहियों ने नारे लगाए और पर्चे वितरित किए। इसके पश्चात 2 अक्टूबर को प्रधानमंत्री के सामने महात्मा गांधी की समाधि पर सत्याग्रह किया गया। 28 अक्टूबर, 1975 को राष्ट्रमंडल सांसदों का एक दल जब दिल्ली आया था, तब कार्यकर्ताओं ने उन्हें आपातकाल विरोधी साहित्य वितरित किया।

14 नवंबर, 1975 को प्रधानमंत्री के सामने नेहरू की समाधि के पास आपातकाल के विरोध में नारे लगाए गए। 24 नवंबर 1975 को अखिल भारतीय शिक्षक सम्मेलन में प्रधानमंत्री के सामने मंच पर जाकर सत्याग्राहियों ने पर्चे बित्रित किए और तानाशाही के विरोध में नारे लगाए। 7 दिसम्बर, 1975 को ग्वालियर में महान संगीतज्ञ तानसेन की समाधि पर सत्याग्रह किया गया। उस दिन रजत जयंती के कार्यक्रम का आयोजन था। 12 दिसम्बर, 1975 को दिल्ली में स्वामी श्रद्धानंद की मूर्ति के सामने सरदार पटेल की बेटी मणिबेन पटेल के नेतृत्व में महिलाओं द्वारा सत्याग्रह किया गया। बंबई की मिलों में मजदूरों द्वारा सत्याग्रह किया गया।

आपातकाल से कांग्रेस को बहुत हानि हुई। जनता में सरकार की छवि धूमिल होने लगी तथा उसके प्रति आक्रोश बढ़ता गया। इसके दृष्टिगत प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने लोकसभा भंग करके चुनाव करवाने की अनुशंसा कर दी।

चुनाव में कांग्रेस पराजित हो गई। स्वयं इंदिरा गांधी अपने क्षेत्र रायबरेली से चुनाव में पराजित हो गईं। जनता पार्टी को भारी बहुमत प्राप्त हुआ। मोरारजी देसाई प्रधानमंत्री बने। इस प्रकार स्वतंत्रता के पश्चात प्रथम बार गैर कांग्रेसी सरकार बनी। नई केंद्र सरकार ने आपातकाल के दौरान लिए गए निर्णयों की जांच के लिए शाह आयोग का गठन किया। शाह कमीशन में अपनी रिपोर्ट में आपातकाल के दौरान हुई घटनाओं का उल्लेख करते हुए शासन व्यवस्था को हुई हानि पर चिंता व्यक्त की।

वास्तव में आपातकाल कांग्रेस के लिए हानिकारक रहा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने आपातकाल का जमकर विरोध किया। इसके कारण उसे सत्ता के क्रोध का दंश झेलना पड़ा, किन्तु आपातकाल के दौरान संघ द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शनों ने लोगों में उसे विख्यात कर दिया। इस प्रकार लोकतंत्र की विजय घोष के साथ संघ बढ़ता गया।

## मध्य प्रदेश मानसून- अगले 5 दिन भारी बारिश और वज्रपात होंगे, मौसम खराब रहेगा

भोपाल। मध्य प्रदेश में मानसून आ गए हैं। भारत के दक्षिण और पश्चिम में स्थित समुद्र का पानी भरकर बादलों की बटालियन में मध्यप्रदेश के आसमान पर मोर्चा संभाल लिया है, परंतु मानसून थोड़े नाराज हैं। अगले 5 दिनों तक मध्य प्रदेश के कुछ इलाकों में भारी बारिश होने के संकेत मिल रहे हैं। सेटेलाइट से पता चला है कि आसमान में बादलों की जमावट कुछ इस प्रकार की हुई है कि आने वाले दिनों में सामान्य से अधिक संख्या में वज्रपात होंगे। आकाश से बिजली गिरेगी।

**मध्य प्रदेश मौसम का पूर्वानुमान- 13 जिलों में भारी बारिश होगी**

प्रमेन्द्र कुमार,वैज्ञानिक,मौसम विभाग, भोपाल,मध्य प्रदेश ने पुष्टि करते हुए बताया कि, मध्य प्रदेश में मानसून आ गया है, भोपाल, कटनी, रायसेन, विदिशा, नर्मदापुरम, जबलपुर, शहडोल, सिवनी, सागर, सीहोर, छिंदवाड़ा, बालाघाट, बैतूल में तेज बारिश होने की संभावना है। इसके अलावा कुछ इलाकों में मूसलाधार बारिश भी हो सकती है। इसके कारण नदी नालों में अचानक बाढ़ की स्थिति बन सकती है।

**भारत मौसम का पूर्वानुमान- इन राज्यों में मूसलाधार बारिश होगी**

भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, विदर्भ, मध्य प्रदेश में पृथक स्थान; कोंकण और गोवा में कुछ स्थानों पर और पूर्वी राजस्थान, गुजरात क्षेत्र, मध्य महाराष्ट्र, केरल और माहे में अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है। इसके कारण प्रभावित इलाकों में सारी गतिविधियां ठप हो जाएंगी। इसके अलावा अरुणाचल प्रदेश, असम और मेघालय, नागालैंड, मणिपुर में अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है। इसके कारण भी जनजीवन प्रभावित हुआ और कुछ गतिविधियां स्थगित हो जाएंगी।

## हिंदू परिवार व्यवस्था पर आघातों को रोकने व धर्मांतरण पर प्रतिबंध लगाने के संकल्प के साथ पूरी हुई विहिप बैठक

### बजरंग दल द्वारा देश व्यापी शौर्य जागरण यात्रा व संतों के व्यापक प्रवास हुए तय

विश्व हिन्दू परिषद
केन्द्रीय प्रबन्ध समिति बैठक
तदनुसार 24 एवं 25 जून, 2023

रायपुर। विश्व हिंदू परिषद की केंद्रीय प्रबंध समिति की बैठक रविवार को रायपुर में संपन्न हुई। बैठक के बारे में बताते हुए विहिप के केंद्रीय कार्याध्यक्ष व वरिष्ठ अधिवक्ता श्री आलोक कुमार ने बताया कि इसमें हिंदू परिवार व्यवस्था पर हो रहे चहुं तरफा प्रहारों तथा बढ़ती लव जिहाद व धर्मांतरण की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए एक व्यापक कार्य योजना बनी। इसके अंतर्गत बजरंग दल आगामी 30 सितंबर से 14 अक्टूबर के बीच देशव्यापी शौर्य जागरण यात्राएं निकालेगा। इन यात्राओं के माध्यम से देश के हर कोने मैं रहने वाले हिंदुओं को संगठित कर उन्हें इन समस्याओं से निपटने में सक्षम बनाया जाएगा। दीपावली के आस-पास पूज्य संतों के देश व्यापी प्रवासों के मध्यम से जन जन तक पहुंच बढ़ा कर व्यक्तियों को परिवारों से और परिवारों को सामाजिक व राष्ट्रीय जीवन मूल्यों से पुन÷जोड़ा जाएगा।

हिंदू परिवार व्यवस्था पर बैठक में पारित प्रस्ताव की प्रति मीडिया को जारी करते हुए विहिप कार्याध्यक्ष ने कहा कि गत कुछ दशकों में हमारी सुदृण परिवार व्यवस्था पर मनोरंजन जगत, वामपंथी शिक्षाविदों व न्यायालयों के कुछ निर्णयों तथा भौतिकता वादी व भोगवादी मानसिकता ने गहरे आघात किए हैं। इनके कारण %व्यक्ति को परिवार, कुटुंब, समाज व राष्ट्र से जोड़ते हुए विश्व के कल्याण की कामना तक% ले जाने वाली यह अनुपम व्यवस्था विखंडन की ओर बढ़ रही है।

प्रस्ताव में कहा गया है कि बच्चों में %संस्कारों का आभाव, युवा पीढ़ी की स्वच्छंदता और वृद्धों की दुरावस्था के मूल में परिवार व्यवस्था का क्षरण है।% विहिप ने सरकारों से अनुरोध किया है कि %शिक्षा नीति बनाने से लेकर परिवार सम्बन्धी कानूनों का निर्माण करते समय% इस व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में अपना रचनात्मक योगदान दें। प्रस्ताव में न्यायपालिका से भी अपेक्षा की गयी है कि वह अपने निर्णयों में इसका ध्यान रखें।

हिन्दू परिवारों से भी यह कहा गया है कि एकल परिवारों में रहने को बाध्य व्यक्तियों को भी नियमित अंतराल पर अपने मूल परिवार से संपर्क, पूर्वजों के स्थानों से जुड़ाव, पारिवारिक सहभोज, कुटुंब एकत्रीकरण, सामूहिक भजन, दान, सेवा कार्य, उत्सवों, तीर्थाटन, मातृभाषा का प्रयोग, स्वदेशी का आग्रह इत्यादि पर विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। साथ ही यह भी कहा गया है कि त्याग, संयम, प्रेम, आत्मीयता, सहयोग व परस्पर पूरकता व संस्कारयुक्त जीवन ही सुखी परिवार की आधारशिला है। सम्पूर्ण समाज व विशेषकर युवा पीढ़ी से आह्वान किया है कि इस अनमोल व्यवस्था को अधिकाधिक %सजीव, प्राणवान, संस्कारक्षम% बनाये रखने हेतु आवश्यक कदम उठायें।

बजरंग दल की शौर्य जागरण यात्राएं देशभर में ब्लॉक स्तर पर निकलकर युवा पीढ़ी को विशेष रूप से जोड़ा जायेगा। विहिप अपने बाल संस्कार केंद्रों के विस्तार के साथ गीता/रामायण आदि की परीक्षाएं भी आयोजित करेगी। बैठक में विदेशों से पधारे प्रतिनिधियों समेत देशभर से 44 प्रांतों के 237 पदाधिकारी उपस्थित थे।

## आदिम जाति कल्याण विभाग के गबन मामले में सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर इंदौर से गिरफ्तार

### आरोपित बैंक मैनेजर ने वर्ष 2015-16 के दौरान लेखापाल नारायण पाटील के साथ सांठगांठ कर शासकीय राशि का गबन करने में की थी मदद।

बुरहानपुर। आदिम जाति कल्याण विभाग ने हुए करीब 10 करोड़ से ज्यादा के गबन मामले में लालबाग पुलिस ने नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक के सेवानिवृत प्रबंधक को इंदौर से गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपित राजेंद्र कुमार पांडे निवासी कान्यकुब्ज नगर इंदौर ने शाखा प्रबंधक रहते मुख्य आरोपित नारायण पाटिल की सरकारी धन का गबन करने में मदद की थी।

पुलिस अधीक्षक राहुल कुमार लोढ़ा ने बताया कि लालबाग पुलिस द्वारा आदिम जाति कल्याण विभाग के आरोपी द्वारा वर्ष 2015-2016 में नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक की मुख्य शाखा में शाखा प्रबंधक के पद पर पदस्थ था। नारायण पाटिल सहायक आयुक्त के हस्ताक्षर करके भुगतान के लिए पत्रों को बैंक में लगाता था। राशि के आहरण हेतु लगाए गए पत्रों और उस पर किए हस्ताक्षर को शाखा प्रबंधक वेरिफाई किए बिना व्हाउचर बनाकर डीडी जारी कर देता था। जबकि सहायक आयुक्त के वास्तविक हस्ताक्षर बैंक के पास मिलान करने हेतु उपलब्ध रहते है। पुलिस टीम द्वारा रिटायर्ड शाखा प्रबंधक राजेंद्र कुमार पांडे को उसके इंदौर स्थित निवास से गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण की विवेचना में पुलिस द्वारा आरोपियों के बैंक खातों और उनसे हुए लेनदेन की जानकारी जुटाई जा रही है, जिनके माध्यम से शासकीय राशि का गबन किया गया था।

उल्लेखनीय है कि इस मामले में लालबाग थाना पुलिस अब तक छह आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। इनमें मुख्य आरोपित आदिम जाति कल्याण विभाग का लेखा शाखा प्रभारी नारायण पाटिल और चपरासी मनोज पाटिल भी शामिल है। चार आरोपित फरार है। उनकी तलाश के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है

## शिवराज का बड़ा ऐलान- मीसाबंदियों को अब सम्मान निधि के तौर पर मिलेंगे 30 हजार

भोपाल. मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 26 जून को मीसाबंदियों के लिए बड़ा ऐलान किया. उन्होंने कहा कि अब मीसाबंदियों को सम्मान निधि के तौर पर तीस हजार रुपये मिलेंगे. उन्होंने कहा कि मैं भी एक स्वतंत्रता सेनानी हूं. जब कोई सत्ता के मद में चूर होता है तो सब भूल जाते है. मुख्यमंत्री चौहान ने सीएम हाउस में आयोजित मीसाबंदियों की सभा में ये घोषणाएं कीं. इस दौरान उन्होंने गांधी परिवार पर भी जमकर हमला बोला. उन्होंने कहा कि आपातकाल में अपने आप को बनाकर रखने के लिए संविधान का गला घोंट दिया गया.

सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि यह सब अंग्रेजों और मुगलों की तरह ही किया गया. एक परिवार को सत्ता में बने रहना था. जब इंदिरा जी को लगा कि फैसला उनके खिलाफ आया है तो उन्होंने लोकतंत्र को कुचल कर रख दिया. मीसाबंदी लगातार हिम्मत जुटाकर लड़ाई में जुटे रहे. उन पर लट्ठ पड़ते रहे. मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस दौरान बड़ी घोषणाएं कीं.

## मुख्यमंत्री ने आपातकाल के सेनानियों का किया श्रद्धापूर्वक स्मरण

भोपाल। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आपातकाल के विरूद्ध संघर्ष करने वाले सेनानियों का आज श्रद्धापूर्वक स्मरण किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि वर्ष 1975 में आज के ही दिन भारतीय संविधान और लोकतंत्र का गला घोंट कर आपातकाल लागू किया गया था। आम नागरिक से लेकर प्रेस की अभिव्यक्ति के अधिकार को कुचला गया, प्रत्येक मुखर आवाज पर ताले जड़ दिये गये। जो इस अन्याय के विरुद्ध डटे रहे, उन्हें काल कोठरी के अंधेरों में ठूंस कर चुप कराने का क्रूरतम प्रयास किया गया।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अपने ट्वीट में कहा कि- ÷लोकतंत्र के हत्यारों के विरुद्ध लड़ने वाली लोकतंत्र सेनानियों तथा आपातकाल की क्रूर यातनाओं को सहते हुए अपने प्राणों का बलिदान करने वाली महान आत्माओं के चरणों में मैं सादर नमन करता हूँ! हे माँ भारती,आज हम सब एक और संकल्प लेते हैं कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए अपना सब कुछ समर्पित कर देने वाली महान आत्माओं के सपनों के भारत के निर्माण के लिए हम निरंतर प्रयास करते रहेंगे।÷

## सरकार ने विवाह योजना की बढ़ाई डेट, 30 जून तक करें रजिस्ट्रेशन

### सतपुड़ा भवन में लगी आग के कारण मुख्यमंत्री विवाह योजना की तारीख को बढ़ा दिया गया है। सामाजिक न्याय विभाग के आयुक्त ने जिला कलेक्टर को इस संबंध में लेटर लिखा है। इस योजना से शादी करने वाले जोड़े को सरकार की तरफ से 55 हजार रुपए की मदद मिलती है।

भोपाल। मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना के रजिस्ट्रेशन की डेट का बढ़ा दिया गया है। जो लोग इस योजना के अंतर्गत विवाह करना चाहते हैं उन लोगों के लिए एक बार फिर से मौका मिला है। दरअसस, भोपाल स्थिति सतपुड़ा भवन में लगी आग के कारण पंजीयन का काम पूरा नहीं हो पाया था जिस कारण से इसकी डेट बढ़ा दी गई है। शादी करने वाले जोड़े 30 जून तक अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। आग लगने के बाद पोर्टल को बंद कर दिया गया था जिस कारण से विवाह के लिए रजिस्ट्रेशन नहीं करा पाए थे। जिसके बाद डेट बढ़ाने का फैसला किया गया था।

मध्यप्रदेश सरकार ने रजिस्ट्रेशन नहीं करवा सके हितग्राहियों को फिर से मौका दिया है। हितग्राही 30 जून तक अपना रिजस्ट्रेशन करवा लें तभी उन्हें इस सुविधा का लाभ मिल पाएगा। 30 जून के बाद डेट बढ़ने की संभावना नहीं है। मध्य प्रदेश सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के आयुक्त ने सभी जिला कलेक्टरों को लेटर लिखा है।

**12 जून को लगी था आग**

बता दें कि सतपुड़ा भवन में 12 जून को आग लग गई थी। कई दिनों के बाद आग में काबू पाया गया था। आग लगने के कारण कई जरूरी दस्तावेज जलकर खाक हो गए थे। जिसके बाद विवाह पंजीयन के पोर्टल को बंद कर दिया गया था। विवाह पोर्टल बंद होने के बाद लोगों को अपना रजिस्ट्रेशन करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। अब 30 जून तक विवाह योजना के लिए पंजीयन होगा।

**कितना मिलता है लाभ**

मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना के लिए वर-वधु की आर्थिक मदद की जाती है। इस योजना के अंतर्गत हितग्राही को 49000 रुपए चेक दिया जाता है जिससे वो अपनी नई गृहस्थी को अच्छे तरीके से बसा सकें। वहीं नगरीय निकाय, जनपद पंचायत को सामूहिक आयोजन करने के लिए 6000 रुपए दिए जाते हैं। इस योजना के अंतगर्त शादी करने वाले जोड़े को सरकार की तरफ से 55 हजार रुपए की सहायता दी जाती है।

## शहर के 100 चिकित्सकों की टीम नवजात शिशुओं को बांटते हैं कपड़े

भोपाल। जब मैं कालेज में थी तब चार बच्चों को कचरे के ढेर से कुछ खाते देखा था। जिसे देखकर मन विचलित हो उठा। फिर मैंने उन बच्चों को बिस्किट के पैकेट बांटे।यह सिलसिला करीब एक साल तक चला। मैं कालेज से आने के बाद ऐसे 80 से ज्यादा बच्चों को बिस्कुट के पैकेट बांटती थी। पढ़ाई पूरी करने के बाद दोस्त के साथ इन बच्चों के लिए कुछ करने का फैसला लिया। आज हमारी एक छोटी से पहल में देशभर के 3000 से ज्यादा युवा जुड़कर काम कर रहे हैं। यह कहना है डा. दिव्या भरथरे का। उन्होंने मित्र डा. संस्कार सोनी के साथ मिलकर दिव्यजीवन एनजीओ की स्थापना की थी, जो जरूरतमंदें के लिए स्वास्थ्य, खाना, शिक्षा और कपड़े के लिए काम करता है। उनके इस ग्रुप में 100 चिकित्सक भी हैं।

# शासकीय योजना का लाभ नहीं मिलने से भीमगढ़ कालोनी वासी निराश

## जर्जर हालत में पहुंचा पंप हाउस को चंदा के पैसे से किया गया ठीक

**मामला गंगई रैयत पंचायत का**

छपारा यशोः- जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत गंगई रैयत के वासियों ने जिम्मेदार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से 40 साल पुराने जर्जर हो चले पंप हाउस को बदलने की मांग गर्मी के मौसम में की थी किंतु जब शासन प्रशासन से कोई मदद नहीं मिली तब कालोनी वासीयो ने चंदा करके स्वयं के खर्चे से इसे ठीक कराया ताकि बारिश के मौसम में यह भरभरा कर न गिरे।

ज्ञात हो कि संजय सरोवर परियोजना अंतर्गत आने वाली सिंचाई विभाग की कॉलोनी जोकि ग्राम पंचायत गंगई रैयत का हिस्सा है जहां पर वर्तमान समय में भी लगभग सौ परिवार के लोग निवासरत है जिसमें 10त्र वर्तमान में दम के कर्मचारी बाकी लोग दैनिक वेतन भोगी रिटायरमेंट कर्मचारियों यहां पर निवास कर रहे हैं उक्त कॉलोनी वासियों को पेयजल सप्लाई ट्यूबवेल से की जा रही है जो लगभग 40 वर्ष पहले बनाए गए उक्त पंप हाउस है जिसका संचालन कॉलोनी वासी स्वयं अपने खर्चे पर कर रहे हैं ज्ञात हो कि पूर्व में कार्य पालनयंत्री रैकवार ने एक समिति बनाई थी जिसमें उनके द्वारा कहा गया था कि सरकार ने पानी के लिए फंड देना ऊपर से बंद कर दिया है इसी वजह से कर्मचारी और रिटायरमेंट व्यक्ति स्वयं के खर्चे से चंदा करके बिजली बिल का भुगतान एवं मेंटेनेंस के लिए सिंचाई विभाग राशि उपलब्ध कराए करवाइए किंतु विभाग ने भी समय रहते अपना पल्ला झाड़ लिया।

**जर्जर अवस्था में पहुंच चुके पंप हाउस के जिर्णोद्धार करवाने को लेकर एक माह पूर्व**

कॉलोनी वासियों द्वारा आवेदन निवेदन पंचायत स्तर एवं सिंचाई विभाग के आला अधिकारियों से भी किया गया किंतु फिर भी इस गंभीर मामले पर ध्यान नहीं दिया गया।

वही गंगई रैयत पंचायत के पूर्व सचिव हरिप्रसाद डेहरिया ने भी गर्मी के मौसम में इसको ठीक करवाने की बात कही थी किंतु जब शासन प्रशासन से यह कार्य नहीं किया गया तब एक बार फिर लोगों के सहयोग से चंदा करके ट्यूबवेल की बिल्डिंग की मर मत करवाई गई ताकि बरसात में बिल्डिंग ना गिरे वहीं निवासरत कॉलोनी वासियों का कहना है कि व्यक्तियों और समूह को शासकीय सहायता प्राथमिकता से मिल सके इसका ध्यान जिम्मेदार अधिकारियों जनप्रतिनिधियों को देना चाहिए किंतु जमीनी हकीकत कुछ और ही है सिर्फ कागजों में आंकड़े प्रस्तुत करके विकास दिखाया जाता है। विगत 13 वर्षो से समिति के द्वारा पीने के पानी का संचालन स्वयं ग्रामीण या कॉलोनी वासियों द्वारा किया जा रहा है वहीं ग्राम विकास के लिए जो राशि शान द्वारा भेजी जा रही है वह बीच में ही हजम कर ली जा रही है इसी कारण शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिलने से भीमगढ़ कॉलोनी वासी निराशा है।

# सीताफल के बगीचे लगाने हेतु उदयानिकी विभाग में आवेदन करें किसान

सिवनी यशोः- सहायक संचालक उद्यान डॉ. आशा उपवंशी वासेवार द्वारा जानकारी दी गई कि संचालनालय उदयानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग म.प्र. भोपाल द्वारा सिवनी जिले के किसानों के सीताफल के बगीचे लगाये जाने हेतु राज्य योजना अंतर्गत सामान्य मद के किसानों के लिए 170.00 हे टयर, अनुसूचित जनजाति मद के किसानों के लिए 58.00 हे टयर एवं अनुसूचित जाति मद के किसानों के लिए 50.00 हे टेयर के लक्ष?य जारी किये गये हैं। उपरोक्त बगीचों का रोपण ड्रिप रहित सामान्य दूरी में किया जाना है जिसमें सीताफल कतार से कतार 6 मी. एवं पौधे से पौधे की दूरी 6 मी. रख कर रोपण किया जाना है।

योजना प्रावधान अनुसार पात्र हितग्राहियों को तीन वर्षो में 30000/- रूपये प्रति हे टेयर अनुदान दिया जायेगा। रोपण पश्चात प्रथम वर्ष में पौध उत्तर जीवितता प्रतिशत 75 प्रतिशत होने पर 18000/- रूपये, द्वितीय वर्ष में पौध उत्तर जीवितता प्रतिशत 90 प्रतिशत होने पर 6000/- रूपये एवं तृतीय वर्ष में पौध उत्तर जीवितता प्रतिशत 100 प्रतिशत होने पर 6000/- रूपये अनुदान देय होगा।

उपरोक्त योजना का लाभ लेने हेतु कृषक उदयानिकी विभाग के ऑनलाईन पंजीयन पोर्टल http://mpfsts.mp.gov.in में जाकर आवेदन कर योजना का लाभ ले सकते है, ऑनलाईन पंजीयन हेतु पोर्टल पर आवेदन किये जा सकते है। योजनान्तर्गत प्रति कृषक न्यूनतम 0.250 हे टे. एवं अधितम 4.000 हे टे तक पौध रोपण का लाभ ले सकते है। योजना की अधिक जानकारी के लिए विकासखण्ड स्तर पर कार्यालय वरिष्ठ उदयान विकास अधिकारी अथवा जिला स्तर पर कार्यालय सहायक संचालक उदयान जिला सिवनी से कार्यालयीन समय में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है।

# आंगनवाडी कार्यकर्ता के पद हेतु अनन्तिम सूची जारी

सिवनी यशोः- कार्यालय परियोजना अधिकारी, महिला बाल विकास परियोजना धनौरा द्वारा जानकारी दी गई कि आंगनबाड़ी केन्द्र पिण्ड्राबोडी में कु. हेमेश्वरी उइके, आंगनबाड़ी केन्द्र तिघरा में श्रीमति प्रिंयका झारिया एवं आंगनवाडी केंद्र मोहगांव में कुमारी सपना उइके आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आंगनवाडी केंद्र धनौरा-02 के लिए कुमारी आरती बकौडे, आंगनवाडी केंद्र लाबेसर्रा-01 मे श्रीमति मनीषा कौरेती एवं आंगनवाडी केंद्र झलवानी रैयत मे श्रीमती संध्या डेहरिया का आंगनवाडी सहायिका पद हेतु अनन्तिम रूप से चयन किया गया हैं। उपरोक्त के विरूध्द किसी भी अभ्यर्थी को कोई आपत्ति हो तो 4 जुलाई 23 शाम 4 बजे तक दावे/आपत्ति मय दस्तावेज कार्यालयीन समय में कार्यालय परियोजना अधिकारी एवं महिला बाल विकास परियोजना, धनौरा जिला सिवनी म.प्र. मे प्रेषित कर सकते

# 61 लाख की शराब नष्ट की गयी

सिवनी यशोः- मुख्यालय से सिवनी-मंडला मार्ग पर स्थित विदेशी मदिरा भण्डारागार में 61 लाख रूपये की विदेशी मदिरा नष्ट की गयी । जानकारी के अनुसार आबकारी नीति के अनुसार विदेशी मदिरा भंडारगृह में विभिन्न कंपनियों की शराब होती है जिनकी ऐक्सपायरी डेट लगभग छै माह निर्धारित होती है निर्धारित अवधि में शराब की बिक्री न होने पर आबकारी विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की उपस्थिती में उक्त विदेशी मदिरा को नष्ट कर दिया जाता है ।

इसी नीति के तहत शनिवार को आबकारी विभाग के आदेश पर 61 लाख रुपए से अधिक की कीमती अंग्रेजी शराब की बोतलों पर जेसीबी मशीनें चलाकर नष्ट कर दिया गया। इसके अलावा केन में भरी बीयर पर पहले जेसीबी चलाई, फिर गड्ढा खोदकर मिट्टी में मिला दिया गया।

कार्रवाई करते हुए स्प्रिट (शराब) की 2170 पेटियां एवं बीयर की 4042 पेटियां, कुल 6212 पेटियां जिसकी अनुमानित मूल्य 6104113 रुपए है, का नष्टीकरण समिति ने कराया है। यह कार्रवाई आबकारी आयुक्त ग्वालियर के आदेश पर हुई है। इस दौरान गैरजरूरी संग्रहित, अविक्रित एवं अमानक विदेशी मदिरा का नष्टीकरण समिति की उपस्थिति में कराया गया है।

समिति में जिला आबकारी अधिकारी शैलेश जैन, सिवनी तहसीलदार रविन्द्र पारधी, विदेशी मदिरा भण्डारागार प्रभारी प्रमोद कुमार धुर्वे, सिवनी वृत के आबकारी उपनिरीक्षक रविन्द्र लिल्हारे की मौजूदगी में कार्रवाई की गई।

जानकारी के लिये बता दे कि शराब नीति के अनुसार अंग्रेजी शराब की वैधता के अनुसार उन्हें विक्रय के लिये भंडारगृह में रखा जाता है और निर्धारित तिथि के पश्चात उसे नष्ट कर दिया जाता है । शराब कंपनियों को खाली बोतल लेजाने का अधिकार होता है परंतु कंपनियाँ खाली बोतल के वापिस ले जाने की झंझट में कम ही पड़ती हैं क्योंकि यह उनके लिये खर्चीला सौदा होता है इसलिये सीधे बोतलों को ही जेसीबी से कुचलवाया जाता है और जमीन में गढ्ढा खोदकर गाड़ दिया जाता है ।

# छत्तीसगढ़, उड़ीसा, यूपी, महाराष्ट्र, को हराकर MP टैनिस क्रिकेट टापटीम पहुंची सेमीफाइनल में

**राजस्थान मध्यप्रदेश महाराष्ट्र और झारखंड पहुंची सेमीफाइनल में**

WELCOME TO ALL
TENNIS CRICKET
ASSOCIATION OF INDIA

सिवनी यशोः- सातवीं राष्ट्रीय टेनिस क्रिकेट चैंपियनशिप मथुरा में चौथे दिन मध्य प्रदेश टीम के तीन मुकाबले हुए पूर्व में दो मुकाबले जीतकर हौसले से लबरलेज टीम मध्य प्रदेश आज पूरे जोश के साथ ग्राउंड में उतरी और ग्राउंड में सभी खिलाड़ियों ने अपने टीम के लिए शानदार प्रदर्शन किया और अभी तक अंक तालिका में सबसे ऊपर अपना नाम दर्ज कर सेमीफाइनल में पहुंची।।

मध्य प्रदेश टीम ने लीग मुकाबलों में चौथे दिन के अपने पुल में पहले महाराष्ट्र टीम और मेजबान यूपी टीम को हराकर टूर्नामेंट की अंक तालिका में सबसे ऊपर अपना नाम दर्ज करवाया और सभी टीमों में अपना दबदबा बरकरार रखा।।

लीग मुकाबलों में मधयप्रदेश की टीम की ओर से कप्तान निहाल उप कप्तान आदर्श सहित उबैद सारिक पवन सिद्दार्थ आदिल आमिर रविकांत हेमंत अमन धीरज नीरज प्रतीक ने कोच काबिज़ खान के मार्गदर्शन में शानदार प्रदर्शन किया और टीम को सेमी फाइनल में प्रवेश करवाया।

सातवीं राष्ट्रीय चैंपियनशिप मथुरा में सेमीफाइनल में पहुंचने वाली टीम मध्यप्रदेश महाराष्ट्र झारखंड और राजस्थान टीम है, टूर्नामेंट के 5 वे दिन पहला सेमीफाइनल मुकाबला झारखंड महाराष्ट्र के मध्य होगा वही दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला मध्यप्रदेश और राजस्थान के मध्य होगा दोनों सेमीफाइनल मुकाबलों के बाद टूर्नामेंट का अंतिम और फाइनल मुकाबला के साथ टूर्नामेंट का समापन समारोह होना है।

टीम के शानदार प्रदर्शन और आगे के मैचों में टीम अच्छा प्रदर्शन करे, इसलिए जिला टेनिस क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट नरेंद्र गुड्डू ठाकुर ने सभी क्रिकेट प्रेमियों से लाइव चल रहे इस मुकाबले को देखने की और खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करने के की अपील की है

# जमीन विवाद में पिता पुत्र ने पत्थर से महिलाओं का सर फोड़ा

### दोनों गंभीर स्थिति में जिला अस्पताल रेफर

छपारा यशोः-जमीनी विवाद में पिता पुत्र ने परिवार की ही दो महिलाओं का पत्थर से सर फोड़ कर गंभीर कर दिया। जिनकी नाजुक स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने सीटी स्कैन की सलाह के साथ जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार छपारा से लगभग पांच किलोमीटर की दूरी पर स्थित घुनई में पारिवारिक जमीन पर विवाद इतना बढ़ गया कि पिता पुत्र ने दो महिलाओं का पत्थर से मारकर गंभीर कर दिया। जिन्हें 108 एवं 1033 की मदद से तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छपारा में भर्ती कराया गया। दोनों महिलाओं को सर में गंभीर चोट आने के कारण टांके लगाने, प्राथमिक उपचार के पश्चात सीटी स्कैन की सलाह के साथ शासकीय जिला अस्पताल सिवनी रेफर किया गया,जिन महिलाओं को चोटें आई हैं उनका नाम बिपतिया बाई पति विष्णु उईके, गीता बाई पति सिमरत उईके बताया जा रहा है।वहीं आरोपी शंकर पिता अमृत उईके, अमृत पिता मेहतर उईके बताए जा रहे हैं। दोनों घायल महिलाओं के पति ने बताया कि इनकी मां झीनी बाई पति मेहतर उईके के खेत पर मेहतर उईके का दूसरा पुत्र एवं उसका लड़का खेत को ट्रैक्टर से बखर रहे थे वही हमारे घर की दोनों दोनों महिलाओं ने खेती करने के लिए मना किया तो वह माने नहीं और दादागिरी करने लगे,विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पुरुषों ने दोनों महिलाओं को पत्थर से मारकर गंभीर घायल कर दिया। वही आगे बताया गया कि पिछली बार भी कुछ समय पूर्व जब खेत का सीमांकन हुआ था तब भी विवाद हुआ था पुलिस के सामने ही सीमांकन किया गया था। फिलहाल पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर,दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की कार्यवाही जारी है।

# करंट की चपेट में आने से दुधारू भैंस की मौत, घट सकती है बड़ी दुर्घटना,लोगों ने बिद्युत अधिकारियों को की शिकायत

सिवनी यशोः- सिवनी जिले के नगर परिषद छपारा के शिवनगर वार्ड क्रमांक 15 के देवरी क्षेत्र के रनबन टोला निवासी शिवपुरी यादव की दुधारू भैंस करेंट की चपेट में आ गई जिससे भैंस की मौत हो गई। पशुपालक महिला ने बताया कि भैंस का दूध बेचकर ही परिवार की आजीविका चलती थी। जो 10 लीटर प्रतिदिन दूध दिया करती थी। लेकिन विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते करेंट की चपेट में आने से भैंस की मौत हो गई। बताया जाता है कि लगभग 01 महीने पहले क्षेत्रीय लोगों ने विद्युत वितरण केंद्र कार्यालय में शिकायत किया था। कि क्षेत्र में लगे खंबो के तार झूल रहे हैं। जिससे कभी भी बड़े हादसे हो सकते हैं। जिसकी तरफ विद्युत विभाग के अधिकारियों ने कोई ध्यान नहीं दिया। जिसके चलते एक दुधारू भैंस की मौत हो गई। इस घटना के बाद भैंस मालिक महिला और वार्ड के कई लोग विद्युत विभाग के अधिकारियों को इस बात की जानकारी दी। और कहा कि पूर्व में आपको।अवगत कराया गया था कि बिजली व्यवस्था दुरुस्त करें लेकिन आज तक कोई सुधारीकरण नही हुआ। जिसके कारण यह हादसा हूआ है। स्थानीय लोगों ने बताया कि छपारा नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 15 का रनबन टोला वैनगंगा नदी के किनारे बसा है। जहां मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। शुद्ध पेयजल की भारी समस्या है। इतना ही नहीं यहां पर सडक् भी जरजर है। ऐसी कई समस्याओं की कई बार टोला में रहने वाले लोगों ने शिकायत की हैं। लेकिन उनकी शिकायतों की ओर ध्यान नहीं दिया गया है। जिससे आज भी वार्ड में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। वहीं बिजली विभाग के बरिष्ट अधिकारियों से भी लोगो ने शिकायत की है।तथा कार्यवाही की माँग की जा रही है।

# आदि-अनादि और अनंत भगवान विष्णु ही है - स्वामी प्रज्ञानानंद

सिवनी यशोः- आदि-अनादि और अनंत भगवान विष्णु ही है। शीतलता प्रदान करने वाली मां ही है और दुरविचारों पर हाथ भी उठाती है। अधर्म अंधा बना देता है जबकि धर्म दृष्टि देता है। यह उद्गार व्यासपीठ से आज श्रीमद भागवत कथा महापुराण के तीसरे दिन आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी प्रज्ञानानंद सरस्वती जी महाराज ने भागवत कथा महापुराण की पवित्र कथा की रसधार का प्रवाह करते हुये व्यक्त किये ।

स्वामी प्रज्ञानानंद सरस्वती जी महाराज ने कहा कि जब मनुष्य को बेचैनी होती है और उसे परेशानी का अनुभव होता है तो वह मां की गोद में सिर रखकर लेट जाता है इससे उसे शीतलता मिलती है और उसे ऐसा लगता है जैसे उसका मन और सिर हल्का हो गया। आपने आज इस कथा पुराण को भागवत मां का नाम देते हुए कहा कि आत्मा ही मां है और परमात्मा ही मां है। मनुष्य के मन में जब दुरविचार आते हैं तो वह उसे लाड़ करने की बजाय उसके ऊपर हाथ उठाती है ताकि वह सत्मार्ग में चले इसलिए तो वो जननी है।

स्वामी जी ने कहा कि विष्णु के अनेक नाम है। इनमें से एक आदि भी है और अनादि भी है। वही अनंत है। ईश्वर के पहले ना कुछ है ना मध्य में है और ना ही अंत में है। संसार है तब भी ईश्वर है और संसार के ना रहने के बाद भी ईश्वर रहेगा। इस संसार को ठोस बनाने के लिए माया का मिश्रण कर दिया गया हैं क्योंकि यदि संसार में माया नहीं होगी तो लोग वैराग्य को धारण कर लेगे और ऐसा यदि होगा तो संसार का संचालन बंद हो जायेगा। मनुष्य जन्म लेते ही सांसारिक मोह में लिप्त होने लगता है। उसे मकान, दुकान, परिजन की चिंता सताने लगती है और यही चिंता उसे संसार से बांधे रखती है। आपने कहा कि मनुष्य को अधर्म अंधा बना देता है जबकि धर्म दृष्टि देता है। कौरवो में अधर्म था इसलिए उन्हें अंधा बना दिया था जबकि पाण्डव धर्म के मार्ग पर चल रहे थे इसलिए उन्हें दृष्टि मिली और अर्जुन को इसी दृष्टि से ईश्वर का दर्शन हुआ। संत और भागवत यानि भगवान दोनों ही दृष्टि देने वाले होते हैं। संत मनुष्य को सत्मार्ग में चलाता है और ईश्वर भी धर्म के मार्ग में चलने वालों को दृष्टि देता है।

**कांचीकाम कोठी के शंकराचार्य जी का मिला आर्शीवाद**

आपने कहा कि आज बड़ा सौभाग्य का क्षण है जब कांचीकाम कोठी के शंकराचार्य आयोजन स्थल पर उपस्थित हुए। आपने कहा कि आज जो लोग भी यहां उपस्थित है उन सबको कथा के फल के स्वरूप चंद्रमौलेश्वर भगवान के रूप में कांचीकाम कोठी के शंकराचार्य का दर्शन हो रहा है। आपने कहा कि किसी संत को आमंत्रित कर व्यवस्था बनाकर बुलाना भाग्य की बात होती है जबकि कोई संत बिना बुलाये, बिना व्यवस्था के उनके यहां पहुंच जाये तो वह सौभाग्य का विषय होता है और यही सौभाग्य आज इस आयोजन स्थल पर हम सबको प्राप्त हुआ है कि कांचीकाम कोठी के शंकराचार्य यहां पहुंचे और उन्होंने उपस्थितजनो को अपना आर्शीवाद प्रदान किया।

## जो साश्वत आनंद है वहीं प्रज्ञानानंद है - शंकराचार्य विजेंद्र सरस्वती

सिवनी यशोः- कांचीकाम कोठी के शंकराचार्य विजेंद्र सरस्वती जी महाराज ने चल रही भागवत पुराण स्थल पर पहुंच गये और उन्होंने उपस्थितजनों को अपना आर्शीवाद प्रदान किया।

आपने अपना आर्शीवचन प्रदान करते हुए कहा कि जो साश्वत आनंद है वही प्रज्ञानानंद है और यह आपको देखने को मिलता भी होगा। आपने कहा कि भारत के निर्माण के लिए सरकारें विकास कार्य तो कर रही हैं लेकिन धार्मिक भारत का निर्माण भी करना होगा। इसीलिए संत लगातार प्रयास कर रहे हैं लेकिन सरकारों को भी इसके लिए आगे आना चाहिए। आपने कहा कि महात्मा गांधी बोलते थे कि ग्राम में अच्छा राज्य होगा तो पूरे भारत में स्वतः ही रामराज्य हो जायेगा इसलिए गांवो में अच्छे पुरोहित की आवश्यकता है जो रामराज्य स्थापित करने में मदद करे। आपने दो पीठ के ब्रह्मलीन शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज का स्मरण करते हुए कहा कि जब वे बैंगलुर के अस्पताल में भर्ती थे तब हम चंद्रमौलेश्वर भगवान का चंदन लेकर उनके पास पहुंचे थे। उस समय भी वे अस्वस्थता के बावजूद गौमाता की रक्षा के लिए और उसकी सेवा के लिए गौशाला निर्माण की भी चर्चा कर रहे थे। उनका कहना था कि सड़क मार्ग पर ही गौशाला बनना चाहिए ताकि लोग उसे देखकर गौमाता के प्रति आकर्षित हों। ज्ञात हो कि शंकराचार्य विजेन्द्र सरस्वती जी महाराज आज नागपुर से काशी की ओर जा रहे

## सरकार सड़क बनाती है, लेकिन संत अध्यात्म का मार्ग बनाते हैं

सिवनी यशोः- आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी प्रज्ञानानंद सरस्वती जी महाराज के मुखारबिंद से चल रही श्रीमद्भागवत कथा में कांची कामकोटी पीठ के शंकराचार्य स्वामी विजयेंद्र सरस्वती जी महाराज पधारे। कथा पंडाल में भक्त मंडल को आशीर्वचन देते हुए शंकराचार्य जी ने कहा कि, दूर ग्राम अंचल में आध्यात्मिक प्रवचन एवं धार्मिक जागृति की बहुत आवश्यकता है। स्वामी प्रज्ञानानंद जी महाराज वही कार्य कर रहे हैं। उन्होंने स्मरण किया अपने पूज्य गुरुदेव स्वामी जयेंद्र सरस्वती जी महाराज को और कहा कि हमारे गुरुदेव का एवं स्वामी जी का बहुत गहरा संबंध रहा है।

श्रीमद् भागवत कथा में आज कांची कमाकोटी पीठ के शंकराचार्य जी का आगमन हुआ। श्री शंकराचार्य जी के पादुका का पूजन हुआ। चंद्रमौलेश्वर भगवान का भी पूजन हुआ एवं जनमानस को आपने धार्मिक जागृति के लिए प्रेरित किया, क्योंकि धर्म ही जीवन जीने का मार्ग बनाता है, सरकार भी मार्ग बनाती है, वह लौकिक है और संत अध्यात्म का मार्ग बनाते है, वह अलौकिक है। श्रीमद् भागवत कथा में आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी प्रज्ञानानंद सरस्वती जी महाराज के द्वारा श्रीमद्भागवत मात्र सूत्र कथा में श्रीमद्भागवत को मां का स्वरूप बताया। मां भगवती की आठ भुजाएं है जो भागवत की तरह जीवन सूत्र प्रदान करते हैं। धर्म धन सत्य सन्मार्ग क्षमा दया दान पवित्रता धैर्य और करुणा यह सब श्रीमद्भागवत रूपी मां के द्वारा प्राप्त होता है। धर्म का स्वरूप क्या होना चाहिए एवं सत्यम परम धीमहि जैसे जीवन सूत्र हमें भागवत प्रदान करती है।

# पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने किया मण्डला जिले की जनता का अपमान -संजय कुशराम

### मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह चैहान ने लिखी विकास की इबारत

### भाजपा कार्यालय में आयोजित हुई प्रेस वार्ता

मण्डला यशोः- पूर्व मुख्यमंत्री श्री कमलनाथ अपने मण्डला प्रवास के दौरान पत्रकार वार्ता में मण्डला को मफियाओं और अपराधियों का गढ़ कहा है यह मण्डला जिले की जनता का सीधा अपमान है। मण्डला गौड़ साम्राज्य का गढ़ रहा है मण्डला शांति और सांस्कृतिक समृद्धि का गढ़ वर्षो से रहा है लेकिन कांग्रेस के नेता कमलनाथ ने मण्डला जैसे शांतिप्रिय क्षेत्र की जनता का अपमान कर अपने मंसूबे कभी पूरे नहीं कर सकते यह बात आज जनजातीय मोर्चे के प्रदेश मंत्री जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम ने आयोजित पत्रकार वार्ता में व्यक्त किया इस अवसर पर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुधीर कसार, नगर अध्यक्ष अनुराग चैरसिया उपस्थित थे। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री कुशराम ने कहा कि यदि मण्डला अपराध का और माफियों का गढ़ है तो उनकी पार्टी और विधायक चुप क्यों रहते हैं? मण्डला जनजातीय बाहुल्य क्षेत्र है, यहां माफिया और अपराध जैसे कृत्यों से जनजातीय समाज बहुत दूर रहता है लेकिन कांग्रेस के नेता कमलनाथ ने अपना बयान देकर जनजातीय समाज का भी अपमान किया है। इसकी कीमत उन्हें चुकानी पड़ेगी।

### मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह चैहान ने लिखी विकास की इबारत

प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान ने मध्यप्रदेश के विकास के साथ जनजातीय समाज की संस्कृति विरासत एवं जनजातीय समाज के महापुरूषों की विरासत को संजोने का कार्य किया है। भाजपा सरकार ने जनजातीय क्रांतिवीरों योद्धाओं महानायकों स्वतंत्राता संग्राम सेनानियों की वैभवशाली स्मृतियों और इतिहास को देश भर में पहुंचाने का कार्य किया है जनजातीय समाज भाजपा सरकार के योगदान से गौरवान्वित महसूस कर रहा है। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चैहान के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने गांव गरीब पिछड़े शोषित वंचित आदिवासी, किसान, मातृशक्तियों, युवाओं के विकास के लिए नयी इबारत लिखी है। प्रदेश सरकार की लोककल्याणकारी योजनाओं से हर वर्ग का नागरिक आर्थिक रूप से सुदृढ़ हुआ हैं तथा गांव में सभी प्रकार के प्राथमिक आवश्यकताओं की पूर्ति सरकार ने संकल्प के साथ पूरा किया है। आज मध्यप्रदेश अन्य राज्यों की तुलना में विकास में बहुत आगे है। कृषि उत्पादन नये उद्योग, बेहतर शिक्षा, नये मेडिकल कॉलेज, नेशनल एंव स्टेट हाईवे, रेल कनेक्टिविटी, विद्युत उत्पादन मे निरंतर प्रगति कर रहा है।

### 15 महीने की सरकार में कमलनाथ ने गरीबों के अधिकारी छींने

जिला पंचायत अध्यक्ष कुशराम ने कहा कि 15 महीने के लिए बनी कांग्रेस सरकार में कमलनाथ जी ने अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभाव से बंद कर दिया और गरीबों का हक छींना। कांग्रेस सरकार के समय प्रदेश कर्ज में डूबा और 15 साल पीछे चला गया प्रदेश में भ्रष्टाचार और ट्रांसफर उद्योग चरम पर था। किसान, जनजातीय समाज और महिलाओं, युवाओ के हित में कोई भी निर्णय नहीं लिया गया। प्रदेश में अराजकता और अपराध की स्थिति निर्मित हुई अनेक स्वीकृत परियोजनाएं ठंडे बस्ते पर पड़ी हुई हैं, अब नारी सम्मान योजना के नाम से प्रदेश में झूठ फैलाने का काम कांग्रेस कर रही है जबकि प्रदेश की भाजपा सरकार ने लाड़ली बहना योजना के माध्यम से सीधे महिलाओं के खाते में राशि पहुंचाकर नारियों का सम्मान किया है।

# कांग्रेस सरकार बनने पर पुरानी पेंशन होगी लागू, ओबीसी को 27% आरक्षण मंडला में बोले कमलनाथ

मण्डला की रानी वीरांगना
100 यूनिट बिजली माफ

मंडला यशोः- प्रदेश में पाँच माह बाद विधानसभा के चुनाव होने वाले है प्रदेश के मुख्यमंत्री घोषणा मशीन की तरह कर रहे है और मनमाने भूमिपूजन दुगनी स्पीड से कर रहे है जनता के कल्याण के लिये मनमानी घोषणाएँ कर रहे है उन्हें अब महिलाओं को सशक्त बनाने की याद आ रही है नवजवानों की याद आ रही है किसानों की याद आ रही है। वह केवल झूठ बोलकर सत्ता पुनः हथियाना चाह रहे है । जनता की भलाई कांग्रेस ही कर सकती है और हम घोषणा कर चुके है कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनते है हम 500 रुपए में गैस सिलेंडर देंगे। महिलाओं को 1500 रुपए हर महीने देंगे। कर्मचारियों को पुरानी पेंशन देंगे। 100 यूनिट बजली माफ, 200 यूनिट हाफ देंगे। ये हमारा वादा है। हम पिछड़ वर्ग को 27% आरक्षण देंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने यह बात शनिवार को अपने मंडला प्रवास के दौरान जनसभा को संबोधित करते हुये कही ।

प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष श्री नाथ ने जनसभा को संबोधित करने से पूर्व कार्यकर्त्ताओं की बैठक ली। इसमें कमलनाथ ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष से कहा कि मैं देख रहा हूं, यहां कोई कोई कांग्रेस का बैच नहीं पहने है। कार्यकर्ताओं को दिए नहीं या। आप भोपाल से मंडलम सेक्टर के बैच बुलाइए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि ये जो बैच मिलेगा, याद रखिएगा जब कांग्रेस की सरकार बनेगी तब ये मंत्रालय में आने का गेट पास होगा। आपके मन में भी एक बात है कि हम काम तो करते हैं पर चुनाव खत्म हो जाता है तो हमें कोई नहीं पूछता। इस पर कार्यकर्ताओं ने कहा कि सही बात है। ये हमारे मन की बात है। कमलनाथ बोले- आप चाहते क्या हैं आप सम्मान और पहचान चाहते हैं। आज मैं खासकर नेताओं को कहना चाहता हूं कि इनका मान सम्मान बना रहे, जितना आपका अधिकार होगा मंत्रालय में उतना कार्यकर्ताओं का भी होगा।

कार्यकर्त्ताओं की बेठक के बाद कमलनाथ ने जन सभा को संबोधित करते हुये कहा कि प्रदेश में 18 साल से भाजपा की चौपट सरकार चल रही है। प्रदेश की व्यवस्थाएँ चौपट हो गयी है, यह आरोप पूर्व सीएम कमलनाथ ने मंडला में सभा के दौरान लगाए। उन्होंने कहा कि आज हमारे देश की संस्कृति पर हमला हो रहा है। मणिपुर में आदिवासियों पर अत्याचार हो रहा है।

कमलनाथ ने कहा कि पंजाब में खालिस्तानी और तमिलनाडु में हिंदी को लेकर विवाद हो रहा है। प्रदेश में यूथ बिना काम के किसान बिना दाम के शिवराज जी आप किस काम के। श्री नाथ ने कहा कि मैं ये पूछना चाहता हूं कि शिवराज जी आपने प्रदेश की जनता को क्या दिया तो पाता हू कि आपने बेराजगारी दी, महंगाई दी। आपने भ्रष्टाचार दिया। श्री नाथ ने कहा कि भाजपा ने इस प्रदेश को देश का सबसे भ्रष्ट प्रदेश बना दिया है। यहां पैसे दो काम हो जाएगा। प्रदेश में माफिया राज चल रहा है और आदिवासियों पर अत्याचार हो रहे । पूरा प्रदेश शराब माफियाओं के कब्जे में है वे घर घर शराब पहुँचा रहे है ।

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा कि 2018 में कांग्रेस की सरकार बनी। 15 में से ढाई महीने चुनाव में गए। साढ़े 11 महीने में आदिवासियों के लिए कई कामों की शुरुआत की। उन्होंने मंडला जिले से हो रहे पलायन पर चिंता व्यक्त की और भाजपा को आड़े हाथों लिया । उन्होंने बेरोजगार नौजवानो के संबंध में भी भाजपा को कोसा और कहा कि नौजावान रोजगार पाने के लिये तडफ रहा है । शिवराजजी केवल घोषणा करते हैं परंतु मैं कहता हूं आप अतिथि शिक्षिकों की भर्ती कर लें। खाली पद भर लें। शिवराजजी आप नौजवानों की आवाज नहीं सुन सकते, इनके कान नहीं चलते, हाथ नहीं चलते। शिवराजजी का मुंह बहुत चलता है। ये घोषणाएं करते जाएंगे और जनता को लुभाएंगें । प्रदेश में भ्रष्टाचार की सरकार है

इससे पहले कमलनाथ यहां रानी दुर्गावती स्मारक पहंचे तथा कमलनाथ ने रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि दी। सर्किट हाउस में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कमलनाथ ने शिवराज सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्हें इसे शिवराज के बजाय भ्रष्टराज सरकार कहा। पत्रकार वार्ता के बाद कमलनाथ स्टेडियम के नजदीक स्थित सभा स्थल पहुंचे। यहां कार्यकर्ताओं के साथ बैठक लेने के बाद दोपहर करीब 11:45 बजे जनसभा को संबोधित करने मंच पर पहुंचे। कमलनाथ के आगमन पर कांग्रेसियों में गजब का उत्साह देखा गया। कार्यकर्ताओं ने पारंपरिक अंदाज में तीर-कमान और फूल मालाओं से उनका स्वागत किया। पूर्व सीएम ने यहां कांग्रेस के बूथ मॉड्यूल का विमोचन किया। महाराजपुर हेलीपैड में कांग्रेस पदाधिकारियों ने कमलनाथ का स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने फ्लैक्स और बैनर से मंडला को सजा दिया। विधानसभा के दावेदारों ने कमलनाथ के सामने शक्ति प्रदर्शन करने जगह-जगह पंडाल लगाकर कमलनाथ का स्वागत किया। कार्यक्रम में दिनेश यादव, विधायक नारायण सिंह पट्टा, अशोक मर्सकोले, लखन घनघोरिया, ओंकार सिंह मरकाम, रामू तेकाम सहित अन्य कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद थे।

### अब कांग्रेस की सरकार बनेगी – घनघोरिया

सभा में पूर्व मंत्री लखन घनघोरिया ने भी लोगों को संबोधित किया। लखन घनघोरिया ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की लहर है। उन्होंने कहा कि- दायरे में सिमट कर आया है। हर रवायतों से बचकर आया है। आंधियों को खबर कर दो, शेर वापस पलटकर आया है। अब कांगेस के कार्यकर्ताओं को सहने की जरूरत नहीं है। आपका समय आने वाला है। महाकाल लोक में क्या हुआ सबको पता है। जो अफसर भाजपा के कहने पर चल रहे हैं उन्हें कहना चाहता हूं- साख से टूट जाएं हम वा पत्ते नहीं हैं, आंधियों से कह दो अपनी औकात में रहें।

### पुलिसकर्मियों की छुट्टी बंद कर दी कांग्रेस

सभा में बिछिया के विधायक नारायण सिंह पट्टा ने कहा कि सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में कुछ लोग पुलिस का गलत उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने पूर्व सीएम से कहा कि कांग्रेस सरकार में पुलिसकर्मियों को दी जानी वाली साप्ताहिक छुट्टी को प्रदेश के सरकार ने बंद कर दिया। प्रदेश में पुलिस के कई पद खाली पड़े हैं। सभा को दिनेश यादव, रामू तेकाम, अशोक मर्सकोले ने भी संबोधित किया।

### डिंडोरी विधायक ने कुलस्ते पर साधा निशाना

सभा में डिंडोरी विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार ने आदिवासी दिवस पर गोली चलाई। इसमें एक आदिवासी शहीद हो गया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नेता बेईमानी की लड़ाई लड़ रहे हैं। आवास के नाम पर सरकार लोगों को कर्जदार बना रही है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री कुलस्ते का नाम लेकर कहा कि आप सुन लीजिए 15 महीने की सरकार में अदिवासियों के लिए कई काम किए। कुलस्ते जी आप कोई काम के नहीं है। क्षेत्र के एक और मंत्री बनाए हैं। जिन्होंने क्षेत्र का गेहूं गायब कर दिया।

चि. आयुष
संग
सौ.कां.अर्पिता
शुभ विवाह
दैनिक यशोन्नति मंडला प्रतिनिधि
श्रीमती ममता मुकेश चौरसिया के सुपुत्र चि. आयुष
आज 26 जून को दाम्पत्य सूत्र में आबद्ध हो रहे हैं
नवयुगल को मंगलमयी शुभकामनाएँ

# कलेक्टर ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

मंडला यशोः- कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने मण्डला विकासखण्ड के अंतर्गत प्राथमिक शाला रसैयादोना, माध्यमिक शाला पटपरा रैयत एवं कन्या माध्यमिक शाला पौण्डीलिंगा के मतदान केन्द्र भवनों का निरीक्षण किया। उन्होंने भवनों में आवश्यक मरम्मत तथा रंगाई-पुताई कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि शौचालयों की साफ-सफाई कराते हुये उन्हें क्रियाशील रखें। ड्रिंकिंग वाटर यूनिट को क्रियाशील रखें। बिजली की व्यवस्था बेहतर रखें। प्राथमिक शाला रसैयादोना में बिजली कनेक्शन तत्काल चालू करायें। उन्होंने कन्या माध्यमिक शाला पौण्डीलिंगा पर पुस्तकें अव्यवस्थित पाये जाने संबंधितों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

### मरम्मत कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान रखें

भ्रमण के दौरान कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं कन्या माध्यमिक शाला पौण्डीलिंगा में किये जा रहे मरम्मत कार्यों का निरीक्षण करते हुये कार्य को बेहतर गुणवत्ता के साथ जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि संबंधित शाला के शिक्षक भी मरम्मत कार्यों में सहयोग करें। विद्यालय भवन को अकादमिक रूप से बेहतर बनायें।

## प्री-मानसून की बारिश ने खोल दी नगरपालिका की पोल

मंडला यशोः- प्री मानसून की बारिश शुरू हो गई है सुबह से शुरू हुई बारिश देर रात तक रूकरूककर जारी रही। वहीं इस बारिश से शहर में जगह-जगह कीचड़ मच गया जिससे आने-जाने वाले वाहन चालक अनियंत्रित होकर गिर रहे थे। जिले में इस वर्ष 1 जून से 23 जून के दौरान 24.8 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है जबकि इसी अवधि तक गत वर्ष 5.0 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार गत् वर्ष की तुलना में इस वर्ष 19.8 मिलीमीटर कम वर्षा दर्ज की गई है।

# बार-बार में गुल हो रही बिजली, बिजली कार्यालय का कर्मचारी नहीं उठाते फोन

मंडला यशोः- भले ही बारिश हो रही है लेकिन गर्मी का कहर कम नहीं हुआ है। उस पर बिजली कटौती लोगों के दर्द को कई गुना बढ़ाने वाला साबित हो रहा है। कभी भी बिजली गुल हो जाती है। बुधवार की देर रात अचानक शहर की बिजली गुल हो गई, करीब आधा घंटे बाद बिजली आई लेकिन चंद मिनिटों के बाद फिर बिजली गुल हो गई। करीब 12 बजे से बिजली की आंख मिचौली रात करीब ढाई बजे तक जारी है। बिजली गुल होने से सबसे अधिक परेशानी छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों की बढ़ जाती है। बुधवार की देर रात भी बिजली गुल होने से छोटे बच्चे हलाकान हो गए।

### फोन उठाने से परहेज

अक्सर देखा जाता है कि जब भी बिजली गुल होती है और बिजली विभाग के स्थानीय कार्यालय को फोन कर बिजली गुल होने की सूचना देने या फिर बिजली कब आएगी इसकी पूछताछ के लिए कार्यालय फोन लगाया जाता है तो यहां कर्मचारियों द्वारा फोन का रिसीवर उठाकर रखा दिया जाता है जिससे लगातार फोन व्यस्त ही बताता है। बिजली कटौती से परेशान उपभोक्ताओं का कहना है कि उनके द्वारा बिजली बिल समय में जमा किया जाता है, बिजली अन्य जरूरतों की तरह मूलभूत सुविधा बन चुकी है फिर भी बिजली विभाग के कर्मचारी उपभोक्ताओं का फोन तक उठाना जरूरी नहीं समझते।

### कॉल सेंटर 1912 से भी नहीं होता समाधान

बिजली से जुड़ी सभी समस्याओं के लिए टोल फ्री नंबर 1912 पर कॉल करने के लिए कहा जाता है, आजाद वार्ड निवासी सिद्धार्थ शुक्ला ने बताया कि जब आधी रात को बिजली गुल हो गई और स्थानीय बिजली आफिस में कर्मचारियों ने फोन नहीं उठाया तो टोल फ्री नंबर 1912 में बिजली गुल होने का कारण जानने के लिए फोन लगाया तो कॉल सेंटर से बताया गया कि फाल्ट आ गया है सुधार कराया जा रहा है, लेकिन कहां फाल्ट आया है कब तक सुधार होगा इसकी सूचना नहीं होने की बात कॉल सेंटर के अटेंडेंट द्वारा कही गई। इस तरह बिजली विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को महिना समाप्त होने के पहले बिजली बिल भेजने में देरी नहीं की जाती लेकिन उपभोक्ताओं को यदि कोई समस्या होती है तो उसका निदान करना तो दूर उपभोक्ताओं की समस्या को सुनने के लिए कोई आसान सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई है।

# बिछिया कॉलेज में किया गया योग

भुआ बिछिया यशोः- शासकीय स्नातक महाविद्यालय भुआ बिछिया में 21 जून को विश्व योग दिवस के अवसर पर आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना एवं क्रीड़ा विभाग के संयुक्त तत्वधान में 'करो योग रहो निरोग' थीम पर प्राचार्य डॉ राजेश्वरी मरकाम की अध्यक्षता में योगाभ्यास का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी श्री अनूप सिंह परिहार एवं महाविद्यालय के विद्यार्थी भागो मरकाम एवं सरस्वती धुर्वे द्वारा विभिन्न योगासन एवं मुद्राओं का अभ्यास समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों को कराया गया। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में बताया कि स्वस्थ मन और स्वस्थ शरीर के लिए अति आवश्यक है। हम सभी को अपनी दिनचर्या में सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम को शामिल करना चाहिए। एक स्वस्थ जीवन शैली हेतु योग नितांत आवश्यक हो गया है। क्रीड़ा अधिकारी ने विभिन्न आसनों का अभ्यास कराते हुए उनकी विशेषताओं एवं लाभों के विषय में भी उपस्थित जनों को जानकारी प्रदान की उन्होंने बताया कि प्रत्येक शारीरिक एवं मानसिक समस्या के लिए विभिन्न प्रकार के योग आसन एवं मुद्राएं हैं जिनके निरंतर अभ्यास से हम उन बीमारियों एवं समस्याओं से निजात पा सकते हैं। आज के दूषित वातावरण में एक योग ही ऐसा माध्यम है जिससे हम अपने शरीर और मन को स्वस्थ बना सकते हैं प्राचीन काल से भारतीय संस्कृति में योग का स्थान अत्यंत ही महत्वपूर्ण रहा है। किंतु आज के आधुनिक परिवेश में हम इस संस्कृति को भूलते जा रहे हैं। जिससे हम कई शारीरिक और मानसिक समास्याओं का सामना कर रहे हैं। अतः हमें योग के महत्व को समझते हुए उसका प्रचार प्रसार करना चाहिए।कार्यक्रम में महाविद्यालयीन स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा, नवीन प्रिंटर्स बींझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297